# कार्यालयः– वन प्रमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ वन प्रमंडल, रामगढ़।

(रांची रोड नियर बी.आर.एल. गेट, पो0–मरार, जिला–रामगढ़ पिन–829117)

Email id – dfo-ramgarh@gov.in


पत्रांकः– 1886 दिनांकः– 26-11-2021

सेवा में,

महाप्रबंधक,
सी0सी0एल0 हजारीबाग क्षेत्र,
चरही।

**विषय :– सी0सी0एल0 की परेज पूर्वी खुली खदान परियोजना 101.00 हे0 वन भूमि वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव के संबंध में।**

**प्रसंगः– आपका पत्रांक– 406 दिनांक 15.11.2021**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में सूचित करना है कि मुख्य वन संरक्षक बोकारो के पत्रांक– 492 दिनांक 18.05.2021 द्वारा विषयगत परियोजना अन्तर्गत 02 बिन्दुओं पर पृच्छा की गई थी। उक्त पृच्छा के आलोक में आपके द्वारा प्रसंगाधीन पत्र से अनुपालन प्रतिवेदन इस कार्यालय में समर्पित किया गया है। प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन के अवलोकन एवं समीक्षोपरान्त पाया गया कि कंडिका संख्या–1 में आपके द्वारा सूचित किया गया है कि ''2.71 हे0 वन भूमि में से 1.57 हे0 वन भूमि वर्ष 1980 के पूर्व खंडित किया जा चुका है, जिसका फोरेस्ट क्लीयरेंस पत्रांक– 1177 के तहत वन विभाग के द्वारा पूर्व में जारी किया जा चुका है। परन्तु अनुपालन प्रतिवेदन के साथ पत्रांक– 1177 की प्रति संलग्न नहीं है।

अतः अनुरोध है कि अनुपालन प्रतिवेदन में वर्णित पत्रांक– 1777 की प्रति इस कार्यालय में समर्पित किया जाय ताकि यथोचित अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

आपका विश्वासी,

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
रामगढ़।

26/11/21